# निरीक्षण प्रतिवेदन

**दिनांक 08.03.2024 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, मुख्य अभियंता(पटना) एवं कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा Construction of Development Management Institute (DMI), Bihta, Patna (EPC Basis) का निरीक्षण किया गया।**

| | | |
|---|---|---|
| योजना का नाम | - | Construction of Development Management Institute (DMI), Bihta, Patna (EPC Basis) का निर्माण कार्य। |
| प्रशासी विभाग का नाम | - | ग्रामीण विकास विभाग |
| प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹250.00 करोड़ |
| प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग | - | ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 438657 दिनांक 29.08.2019 |
| एकरारनामा की राशि | - | ₹248.5775488 करोड़ |
| एकरारनामा संख्या एवं दिनांक | - | SBD-13/2019-20 एवं दिनांक 06.01.2020 |
| संवेदक का नाम | - | Simplex Infrastructure Limited, Kolkata |
| कार्य आरम्भ की एकरारित तिथि | - | 27.12.2019 |
| कार्य समाप्ति की तिथि | - | 26.09.2021 (21 माह) |

**स्थल निरीक्षण की कार्यवाहीः-**

(1) निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि विषयांकित कार्य के लिए कार्य पूर्ण करने की एकरारित तिथि 26.09.2021 थी। कोरोना से उत्पन्न लॉक-डाउन के कारण दिनांक 31.12.2023 तक सशर्त समयवृद्धि स्वीकृत की गयी।

(2) स्थल निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि विषयांकित कार्य अंतर्गत विभिन्न भवनों की भौतिक प्रगति निम्नवत हैः-

- **FACULTY HOUSING (G+7)-**:- प्लींथ तक आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है एवं प्लींथ तक मिट्टी भराई शेष है। भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल का आर0सी0सी0 कार्य 30 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगति में है।
- **STUDENT HOSTEL BLOCK (G+7)-**:- प्लींथ तक कार्य पूर्ण है। भूतल, प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ तल का आर0सी0सी0 पूर्ण है। पाँचवे एवं छठे तल का आर0सी0सी0 कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण है। प्लीथ तक भराई का कार्य प्रगति पर है।
- **DEAN & DIRECTOR BLOCK (G+7) :-** प्लीथ तक आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है एवं प्लीथ तक मिट्टी भराई शेष है। भूतल एवं प्रथम तल का आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है और शेष कार्य प्रगति में है।
- **ACADEMIC & CEP BLOCK (G+5) :-** प्लींथ तक आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है एवं प्लीथ तक मिट्टी भराई शेष है। भूतल तल का आर0सी0सी0 कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण है एवं प्रथम तल का आर0सी0सी0 कार्य 35 प्रतिशत पूर्ण है और शेष कार्य प्रगति में है।
- **ACADEMIC & CARE BLOCK (G+5) :-** प्लींथ तक आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है एवं प्लीथ तक मिट्टी भराई शेष है। भूतल तल का आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है, प्रथम तल का आर0सी0सी0 कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण है एवं द्वितीय तल का आर0सी0सी0 कार्य 35 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति में है।
- **COMMON AMENITIES BLOCK (G+2)** – भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल का आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है। Mumty Room/ Lift room/ Tank एवं Brick work का कार्य प्रगति में है।

- **STUDENT LOUNGE BLOCK (G+1):-** भूतल एवं प्रथम तल का आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है। Mumty Room/ Lift room/ Tank एवं Brick work का कार्य प्रगति में है।
- **STUDENT COMMON BLOCK (G+2):-** भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल का आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है। Mumty Room/ Lift room/ Tank, Brick work एवं प्लास्टर का कार्य प्रगति में है।
- **CEP AMENITIES BLOCK (G+2 ):-** भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल का आर0सी0सी0 कार्य पूर्ण है। Mumty Room/ Lift room/ Tank एवं Brick work का कार्य प्रगति में है।
- **PODIUM, AUDITORIUM BLOCK, BOUNDARY WALL, STP, WTP, SUB-STATION SERVICES STRUCTURES**:- कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

सशर्त दिए गए समयवृद्धि की तिथि-31.12.2023 तक मात्र ₹24.0139951 करोड़ का कार्य किया गया है, जबकि एकरारित कार्य समाप्ति की तिथि 26.09.2021 तक शून्य व्यय हुआ है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि एकरारित कार्य समाप्ति की तिथि-26.09.2021 से सशर्त विस्तारित समयवृद्धि की तिथि-31.12.2023 तक अर्थात कुल 27 माह में मात्र ₹24.0139951 करोड़ का कार्य किया गया है, जो कि प्रतिमाह लगभग ₹89.00 लाख का कार्य किया गया है। वर्तमान में ₹217.8959046 करोड़ का कार्य अवशेष है, जिस वर्तमान में कार्य कर रहें एजेन्सी द्वारा कार्य का पूर्ण करने की सम्भावना नगण्य है।

**निष्कर्षः-** विषयांकित निर्माण कार्य की प्रगति नग्रण्य एवं निराशाजनक है। निर्माण एजेंसी को एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की अवधि 21 माह के बाद भी COVID-19 आदि कारणों से 27 माह का सशर्त अवधि विस्तार दी जा चुकी है। परन्तु निर्माण कार्य अधुरा एवं अद्यतन व्यय मात्र ₹30.6816442 करोड़ है, जो कुल एकरारित राशि का 12.34% है। स्पष्ट है कि निर्माण एजेंसी कार्य करने में अक्षम एवं शिथिल है। वर्तमान में कार्य कर रही एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण किया जाना असम्भव है। उक्त एजेंसी को Rescind कर नये एजेंसी का चयन किया जाना उचित है।

8/3/24

(गौतम कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना।

(राकेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना

(सुधांशु शेखर राय)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना

**मुख्य अभियंता(पटना) का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना**

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-48/2018 पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव/मुख्य विद्युत अभियंता/अधीक्षण संरचना अंचल/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
(राकेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना)
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-48/2018 पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह0/-
मुख्य अभियंता(पटना)
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-48/2018 -545(P) पटना, दिनांक- 15/03/24

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/3/24

मुख्य अभियंता(पटना)
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना